हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

11 कंडरा समाज ने मनायी संत सुफलभगत जयंती

12 पुतरी-पुतरा के विवाह में गूंजी शहनाई




## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार के लिए पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार।** जिले में सुशासन तिहार 2026 के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के प्रत्येक पंचायत के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एक नोडल अधिकारी को दो ग्राम पंचायतों क्री जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्त नोडल अधिकारी सुशासन तिहार 2026 के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में निरंतर भ्रमण करेंगे एवं योजनाओं के संतृप्तीकरण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस, छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**रायपुर।** शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा में तीन दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय गणित दिवस-2025 का समापन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में अतिथियों द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष डॉ. वर्षा करंजगांवकर ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित में पूछे जाने वाले तार्किक प्रश्नों को हल करने संबंधी तरीके बताए। साथ ही आर्ट और क्रिएटिविटी में गणित की भूमिका को रोचक और आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया। इसी दौरान शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अशोक कुमार आडिल एवं रविवि के प्रो. डॉ. बीएस ठाकुर ने मैथमेटिक्स, आर्ट और क्रिएटिविटी पर आधारित व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ. निधि देवांगन, डॉ. जी. नाग भार्गवी, हेमंत देशमुख, डॉ. स्वाति शर्मा, जितेंद्र मौर्य, शीतल, गरिमा देवांगन, नोना धीवर, किरण पाण्डेय, संदीप कुमार, दीक्षा साहू, नेहा वर्मा, तरन्नुम कौसर एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित न होना दुर्भाग्यपूर्ण

रायपुर। लोकसभा के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक का पारित न हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। सामाजिक कार्यकर्ता व महिला नेत्री सावित्री जगत ने कहा, आज महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया, जिस पर मतदान भी हुआ। 298 सदस्यों ने इसके समर्थन में मतदान किया, जबकि 230 वोट इसके विरोध में पड़े। दुर्भाग्यवश आवश्यक दो-तिहाई बहुमत प्राप्त न होने के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा, यह स्थिति न केवल लोकतंत्र के लिए, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकारों के लिए भी आघात है। यदि यह विधेयक पारित हो जाता तो लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती, जिससे महिलाओं को सशक्त नेतृत्व का अवसर मिलता।

### रायपुर भाजयुमो की कार्यकारिणी का ऐलान

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर की कार्यकारिणी का ऐलान रविवार को शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर की सहमति से किया गया। कार्यकारिणी में भाजयुमो के 79 सदस्यों को पद दिए गए हैं। राहुल यादव, अन्वेश पांडेय, गुरमीत सिंह, मुकुंद ठाकुर, शुभांकर द्विवेदी, विशाल शुक्ला, राजन शर्मा उपाध्यक्ष, शंकर साहू, राज गायकवाड़ महामंत्री, गोपी शर्मा, जयप्रकाश फुटान, शुभम पौराणिक, आकाश शर्मा, योगी साहू आदि बनाए गए हैं।

# उपभोक्ता आयोग ने लगाया जागरूकता शिविर, कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार 17 अप्रैल को बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पौंसरी के दुर्गा चौक में जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया।जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवतापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत एवं गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच सेवा संविदा रातें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियों एवं बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, मिलावट, अधिक मूल्य वसूली वा सेवा में कमी की स्थिति में उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।जागरूकता शिविर में आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंग्ले, धीरज दुबे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शारिक खान, सचिव गणेश शंकर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के उपाध्यक्ष भास्कर प्रसाद साहू, मंजुला ध्रुव सहित आदि उपस्थित थे।

## ई-जागृति पोर्टल व ई-हियरिंग प्रणाली से ऑनलाइन शिकायत प्रक्रिया समझाई




### ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान

ग्रामीणों को ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा ई-हियरिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। ई-जागृति एवं ई हियरिंग से उपभोक्ता पर बैठे ही डिजिटल माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा सुनवाई में भी ऑनलाइन शामिल हो सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है।उपभोक्ता शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों के द्वारा उपभोक्ता कानूनों तथा ई-फाइलिंग व ई-हियरिंग से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।शिविर में रेस्क्यू पर्सन के रूप में अधिवक्ता अनिमेष त्रिवेदी ने उपभोक्ता आयोग द्वारा जागरूकता शिविर की सराहना करते हुए उपभोक्ता संरक्षण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा सम्बंधित प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

**आक्रोश : पूर्व नपा अध्यक्ष और नागरिकों ने दर्ज कराई आपत्ति**

# हाईटेक बस स्टैंड के लिए पुनः परसाभदेर की शासकीय भूमि आवंटन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम परसाभदेर स्थित शासकीय भूमि के आवंटन को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं आम जनता की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई है। यह आपत्ति नायब तहसीलदार बलौदाबाजार को संबोधित करते हुए समाचार पत्र 9 अप्रैल के अंक में प्रकाशित इश्तहार के संदर्भ में प्रस्तुत की गई है



।आपत्तिकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बस स्टैंड के लिए आरक्षित भूमि को निरस्त कर एसटीपी हेतु आवंटित करने के पीछे किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने की मंशा हो सकती है। इसके साथ ही यह भी आशंका जताई गई है कि यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा हो सकता है, जिसमें पहले भी हाईटेक बस स्टैंड को परसाभदेर से हटाकर कुकुरदी स्थानांतरित करने का प्रयास किया गया था। वर्तमान में पनगांव में आबंटित हाईटेक बस स्टैंड की भूमि को बिना निरस्त किए एसटीपी हेतु आवंटन की मांग की जा रही है। आपत्तिकर्ताओं के अनुसार, यदि ऐसा होता है तो बस स्टैंड के लिए केवल कुकुरडीह में ही भूमि उपलब्ध दर्शाई जाएगी, जिससे अंततः बस स्टैंड को वहां शिफ्ट करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।आपत्ति पत्र पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रवीण बंछोर, रविशंकर कंवर, विनय साहू, रमेश साहू, प्रखर वर्मा, संतोष गुप्ता, शरद पटेल, प्रशांत अग्रवाल, केश कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, विनय केसरवानी, मदन गोपाल साहू, राजू साहू, प्रदीप साहू, प्रमोद साहू सहित कुल 52 जागरूक नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अपनी आपत्ति लिखित रूप में दर्ज कराई है।जनता ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त भूमि का एसटीपी के लिए पुनः आवंटन न किया जाए, क्योंकि इस उद्देश्य के लिए पहले ही पर्याप्त भूमि आवंटित की जा चुकी है।

## बस स्टैंड के लिए आरक्षित भूमि को एसटीपी हेतु देने पर विवाद






### आवंटन प्रक्रिया पर सवाल

आपत्ति पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उक्त 0.720 हेक्टेयर भूमि पूर्व में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए आरक्षित की गई थी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में इसका उल्लेख भी किया गया है। ऐसे में इस भूमि के उपयोग में बदलाव कर एसटीपी के लिए आवंटन की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### भूमि आवंटन की मांग पर उठे सवाल

आपत्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम परसाभदेर, तहसील बलौदाबाजार स्थित खसरा नंबर 513 की 0.720 हेक्टेयर भूमि को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आबंटित करने की मांग की जा रही है। जबकि इसी खसरा नंबर की 1.200 हेक्टेयर भूमि पूर्व में ही इसी उद्देश्य के लिए आवंटित की जा चुकी है। यह आदेश कलेक्टर बलौदाबाजार द्वारा पिछले वर्ष 30 जुलाई को पारित किया गया था।

### जानकारी छिपाने का आरोप

आपत्तिकर्ताओं का कहना है कि एक ही संस्था को एक ही उद्देश्य के लिए बार-बार भूमि आवंटित किया जाना न्यायसंगत नहीं है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा पूर्व में हुए आवंटन की जानकारी उच्च अधिकारियों से छिपाई जा रही है।

### पहले से दर्ज हैं आपत्तियां

मामले में यह भी सामने आया है कि हाईटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए ग्राम कुकुरदी में अन्य भूमि आवंटन की प्रक्रिया पहले से ही विचाराधीन है, जिस पर आम जनता द्वारा आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी है और अंतिम निर्णय अभी लंबित है।

# अलग-अलग स्थानों से 34 पौवा शराब जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार



खरोरा। रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर खरोरा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर रेड मारी और तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ रंगे हाथों दबोचा।

### राइस मिल के पास दो गिरफ्तार

मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छड़िया-खरोरा रोड स्थित राइस मिल के पास दबिश दी। यहाँ घेराबंदी कर हितेन्द्र सेन 35 वर्ष और आशीष गुप्ता 44 वर्ष को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद सफेद कपड़े के झोले से 34 पौवा देशी मदिरा मसाला बरामद हुआ। पुलिस ने शराब के साथ बिक्री की नगदी रकम 200 रुपये भी जब्त की है।

### प्लाईवुड कंपनी के पास रेड

एक अन्य कार्रवाई में खरोरा पुलिस ने पचरी रोड स्थित प्लाईवुड कंपनी के पास से चेतन निषाद 39 वर्ष को पकड़ा। आरोपी के काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 30 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई।

### न्यायिक रिमांड पर भेजे गए आरोपी

खरोरा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी शराब रखने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।गिरफ्तार आरोपियों में हितेन्द्र सेन वार्ड क्रमांक 10, पुराना थाना के पीछे खरोरा, आशीष गुप्ता वार्ड क्रमांक 15, ज्ञान दीप स्कूल के पास, खरोरा और चेतन निषाद वार्ड 9 खरोरा शामिल हैं। पुलिस ने 64 पौवा अवैध शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 6,600 रुपये आंकी गई है।

# राशन वितरण में अनियमितता की एसडीएम से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राशन वितरण संबंधी परेशानियों को लेकर चार से पांच ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने पुनः एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अतुल शेटे को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राशन विक्रेता लोकनाथ साहू एक साथ तीन ग्राम चंदिया पथरा, करहुल एवं मर्राकोना में राशन दुकान संचालित करते हैं। जिसके चलते वह किसी भी पंचायत में सही समय पर राशन दुकान नहीं खोल पाते है और न ही राशन वितरण कर पाते हैं। साथ ही 18 रुपए प्रति किलो शक्कर को 20 रुपए किलो में दिया जाता है। उनके द्वारा उपभोक्ताओं की केवायसी भी नहीं की जाती, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। इस पर एसडीएम अतुल शेटे ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही आप लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।



# ट्रैफिक उल्लंघन के 177 प्रकरणों में 2 लाख 23 हजार का जुर्माना लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले और सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े किये वाहनों, नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर विगत 28 मार्च से 18 अप्रैल तक यातायात दल द्वारा लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 177 प्रकरण दर्ज कर 2 लाख 23 हजार 900 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक श्याम प्रधान, मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे। दल के कार्य से साबित हो रहा है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में यातायात नियमों का पालन करें या जुर्माना के लिए तैयार रहें।



# सूफी संतों के 28वें उर्स पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी क्षेत्र के ग्राम लटेरा में लवन-खरतोरा मार्ग स्थित हजरत सैय्यद नजफ अली शाह रहमतुल्ला अलैह एवं बाग वाले बाबा सुफी संत का 28वां उर्स 18 अप्रैल को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे और दरगाह में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

■ सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल, दूर-दूर से पहुंचे जायरीन

दरगाह परिसर में आकर्षक रोशनी की सजावट की गई थी। सुबह मटका पार्टी के साथ गांव में चादर जुलूस निकाला गया, जिसे बाद में दरगाह में पेश किया गया। बिरगांव से एडवोकेट सैय्यद अब्दुल कैयूम अली भी सपरिवार जियारत के लिए पहुंचे और गांव के आपसी प्रेम व भाईचारे की सराहना की।

उर्स के मौके पर मेला जैसा माहौल रहा, जहां खिलौने, मिठाई, जेवर, फूल, चादर, इत्र, कपड़े और अन्य सामानों की दुकानें सजी रहीं। रात्रि में महासमुंद से आए मौलाना द्वारा तकरीर पेश की गई, वहीं सैय्यद



कादिर अली के नेतृत्व में नात शरीफ की महफिल सजी। इसके बाद देर रात तक कव्वाली कार्यक्रम चला, जिसमें बाहर से आए कव्वालों ने सूफी कलाम प्रस्तुत कर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक संदीप साहू, सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, रज्जाक खान, मुस्लिम समाज पलारी के अध्यक्ष इस्लाम बेग, रज्जू खान एवं कमेटी के सरपरस्त अधिवक्ता सैय्यद आसिफ अली शामिल हुए। सभी अतिथियों ने दरगाह में चादर पेश कर आशीर्वाद लिया। समिति की ओर से उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि लटेरा का उर्स आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक ▶▶ शेष पेज 11 पर

### उर्स में सर्वधर्म सहभागिता भाईचारे की मिसाल

उर्स के दौरान ग्राम लटेरा में सभी धर्मों के लोगों की सहभागिता ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की। दरगाह समिति के अध्यक्ष सैय्यद हासिम अली ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। आयोजन में समिति के सदस्य सैय्यद करामत अली, सैय्यद आरिफ अली, भीखम चंद्राकर, मोहम्मद समसाद अंसारी, सैय्यद अजमत अली, हबीबुद्दीन, सैय्यद असगर अली एवं अब्दुल खान ने लंगर एवं अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। महिलाओं के लिए विशेष बैठने और भोजन की व्यवस्था भी की गई।

**मुख्य आरोपी पर कार्रवाई की मांग, बढ़ा आक्रोश**

# पांच गांवों के ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री बंद कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चंदियापथरा, चोरहानवागांव, करहुल, ढेकुना लिमतरा आदि ग्रामों के सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले हीरालाल साहू एवं अन्य लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री बंद कराने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा उल्लेखित किया गया है कि विगत दिनों थाना सिमगा में थाना प्रभारी को अवैध शराब विक्रेता के नामजद शिकायत पत्र सौंपा गया था, किन्तु उस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि छम्मनलाल साहू के विरुद्ध 34 (1) ब की कार्रवाई हुई थी और वह जमानती अपराध होने के कारण उसे तुरंत ही छोड़ दिया गया, जबकि हीरालाल साहू ही क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं सप्लाई का कार्य करता है। इस बात से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त था, क्योंकि वह फिर से बिना किसी डर एवं भय के खुलेआम शराब बिक्री कर रहा था।

इसके चलते नाराज ग्रामीणों ने आज पुनः एकत्रित होकर हीरालाल साहू के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस पर एसडीएम अतुल शेटे ने जन भावनाओं को देखते हुए आबकारी अधिकारी को हीरालाल साहू के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर लिमतरा सरपंच नेहा मुरली शर्मा, विष्णु कोसले जनपद सदस्य, राजेश अग्रवाल, कमलेश साहू, महावीर चौहान, मानसिंह साहू, धनेश्वर यादव, डिकेश्वर, अनिल यादव, मन्नू साहू, संजय शर्मा, गीताबाई, राजकुमारी यादव, तारणी यादव, यशौदा निषाद, काशी सतनामी, लीला यादव आदि उपस्थित थे।

# शहर में अपराध रोकने थाना स्तर पर बीट, एसआई से हवलदार तक बनाए गए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने तथा बदमाशों को पुलिस की मजबूती से उपस्थिति का मैसेज देने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने पूर्व की बीट व्यवस्था को अप्रभावी मानते हुए नए सिरे से बीट व्यवस्था लागू करने निर्देश जारी किए हैं। साथ ही बीट प्रभारियों के लिए 12 बिंदुओं पर जिम्मेदारी तय की गई है।

इसके अलावा एसीपी, एडीसीपी स्तर के अफसर अपने क्षेत्र के थानों का भ्रमण कर त्रैमासिक रिपोर्ट कार्ड तैयार कर पुलिस कमिश्नर को रिपोर्ट करेंगे। राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट लागू होने के बाद लोगों को अपराध नियंत्रण पर लगाम लगने की उम्मीद थी। राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए तीन माह से ज्यादा समय हो गया है। इन तीन महीनों में पुलिस ने बदमाशों पर अंकुश जरूर लगाया है, इससे अपराध का ग्रॉफ पूर्व से थोड़ा कम जरूर हुआ है, लेकिन उम्मीद के अनुसार अपराध पर नियंत्रण नहीं लग पाया है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर ने नई बीट प्रणाली लागू करने निर्देश दिए हैं। नई बीट प्रणाली 30 अप्रैल से लागू होगी।

### नई बीट प्रणाली के उद्देश्य निर्धारित

- क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करना।
- अपराध एवं कानून व्यवस्था से संबंधित रियल टाइम में आसूचना संकलित करना।
- आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करना।
- आम जनता के साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित करना।
- संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों एवं मुसाफिरों की जानकारी रखना।







### थाना स्तर पर संधारित अभिलेख

थाना प्रभारी थाने में बीट रजिस्टर का संधारण करेंगे, जिसमें प्रत्येक बीट क्षेत्र के प्रभारी एवं सहायक बीट प्रभारी के नाम एवं मोबाइल नंबर तथा उक्त बीट अधिकारियों की आसूचना पर की गई कार्रवाई का उल्लेख करेंगे। उक्त रजिस्टर को बीट की संख्या के अनुरूप समान भाग में विभाजित किया जाएगा।

### ऐसी होगी नई बीट प्रणाली

0 प्रत्येक थाना प्रभारी थाना क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या का घनत्व, आपराधिक आंकड़े एवं कानून-व्यवस्था की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए थाना क्षेत्र को बीट में विभाजित करेंगे। बीट का भौगोलिक आकार ऐसा हो, जिस पर बीट अधिकारी का प्रभावी नियंत्रण रहे।

0 प्रत्येक बीट में प्रधान आरक्षक से उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारियों को बीट की संवेदनशीलता के अनुरूप बीट प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। बीट प्रभारी अधिकारी के साथ सहायक बीट अधिकारी के रूप में आरक्षकों को बीट की आवश्यकता के अनुरूप नियुक्त किया जायेगा।

0 प्रत्येक बीट प्रभारी एवं सहायक अधिकारी अपने पास एक छोटी डायरी रखेंगे, जिसके 2 भाग होंगे, भाग एक में बीट के क्षेत्र, बीट में रहने वाले वाले प्रमुख व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों के नाम, बीट की आपराधिक स्थिति, बीट के गुण्डा-बदमाश आदि की जानकारी दर्ज की जाएगी। भाग दो में भ्रमण के दौरान उन बीट अधिकारियों को बीट क्षेत्र की आपराधिक गतिविधियों, कानून-व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण जो सूचनाएं मिलती है. उनके द्वारा दर्ज किया जाएगा।

0 थाना प्रभारी सप्ताह में एक बार बीट अधिकारियों की नोटबुक का अवलोकन कर उस पर हस्ताक्षर करेंगे तथा कार्रवाई योग्य सूचना पर तत्काल कार्रवाई करेंगे।

0 प्रत्येक बीट के ऐसे शासकीय भवन या स्थान, जो सामान्य रूप से दृष्टिगोचर हों, वहां दीवार पर व्यवस्थित रूप से बीट के प्रभारी अधिकारी एवं सहायक बीट अधिकारियों के नाम एवं उनके मोबाइल नंबर लिखने निर्देश दिए गए हैं।

### बीट की इन 12 बिंदुओं पर जिम्मेदारी तय

0 बीट क्षेत्र के शहर, मोहल्ले, पारा की गलियों व सड़क पर और प्रमुख चौक-चौराहों की नियमित रूप से गाड़ी के साथ पैदल गश्त एवं किसी स्थान पर उपस्थिति दर्ज कराना।
0 बीट क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों, बाजारों, विद्यालयों, धार्मिक स्थली एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी एवं सभी तरह की गतिविधियों के लिए सूचना एकत्र करेंगे।
0 बीट अधिकारी स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, दुकानदारों चौकीदारों, सुरक्षा कर्मियों से नियमित संपर्क स्थापित करेंगे
0 किरायेदार, घरेलू सहायक व दुकान के काम करने वालों का सत्यापन।
0 अपराधी तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा बाहरी आगंतुकों की जानकारी रखना।
0 बीट क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों, सूचनाओं एवं घटनाओं की जानकारी तत्काल थाना प्रभारी को दी जाएगी।
0 चेन स्नेचिंग, छेड़छाड़, नशा, चोरी, नकबजनी, अड्डेबाजी व गुण्डागर्दी पर नकेल कसना।
0 नशे के विरुद्ध, जुआ, सट्टा को समूल नष्ट करने प्रभावी कार्रवाई।
0 फेरी एवं लोगों से संपर्क कर सभी तरह की ठगी करने वालों पर नजर रखना
0 सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम।
0 डेली रजिस्टर मेंटेन करना ।
0 बीट का आपराधिक मानचित्र रखना एवं घटित अपराधों पर नियंत्रण करना।

## खबर संक्षेप

### अटल घोषणा पत्र के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करें मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा नगर निगमों की समीक्षा किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि मंत्रीजी को सबसे पहले नगर निगम के लिए भाजपा द्वारा जारी अटल घोषणा पत्र के क्रियान्वयन की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में वादा किया गया था, महिलाओं को संपत्ति कर में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, पुराना बकाया एक साथ भुगतान करने पर संपूर्ण ब्याज माफ किया जाएगा, लेकिन इस दिशा में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी जोन में नक्शा पास करने को लेकर बेहद लूट मची हुई है। आम आदमी नक्शा पास करने के लिए बड़ा चढ़ावा चढ़ाने के लिए मजबूर हो रहा है, अन्यथा महीनों तक नक्शा पास करने के लिए लोगों को घुमाया जा रहा है। गर्मी प्रारंभ होते ही पेयजल की विकट समस्या प्रारंभ हो चुकी है, जल जीवन मिशन के काम अधूरे होने के कारण लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। शहर की अनेक वैध कॉलोनियों में संपत्ति कर सहित अन्य करों के भुगतान के बावजूद मांगने पर भी पेयजल की व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंत्री को इस संदर्भ में भी समीक्षा करनी चाहिए।

### नवाज बने रायपुर उत्तर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने नवाज खान को रायपुर उत्तर विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत संगठन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव लड़कर की और युवा साथियों के विश्वास से उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष रहते उन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन के विस्तार, युवाओं को जोड़ने और जनसमस्याओं के लिए संघर्ष में अहम भूमिका निभाई।

### हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर होगा कार्यक्रम

**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब ने इसे भव्य उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में प्रेस क्लब की कार्यकारिणी द्वारा पूर्व में पारित प्रस्ताव के अनुरूप विगत दिनों को बैठक के दौरान कार्यक्रम की प्रारंभिक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी ने बताया कि हिंदी पत्रकारिता दिवस के इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए क्लब द्वारा व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा और योगदान को सम्मान देने इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए एक अलग आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम को भव्य और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित करने पर भी सहमति बनी। अध्यक्ष मोहन तिवारी ने जानकारी दी कि हिंदी का पहला समाचार पत्र "उदंत मार्तंड" 30 मई 1826 को प्रकाशित हुआ था।

### तालाब के चारों ओर की लाइटें अरसे से बंद, ठेका एजेंसी और निगम की मनमानी से बढ़ रहा आक्रोश

# अंधेरा ले डूबा बघवा का सौंदर्य, आधी रोशनी, आधा काम, देखभाल भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा के विप्रनगर क्षेत्र में स्थित बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों खर्च हुए। तालाब की दशा सुधरी, पर अंधेरे ने उसका सौंदर्य छीन लिया। तालाब के एक हिस्से में ही स्ट्रीट लाइट जल रही है, दूसरा बड़ा हिस्सा आज तक रोशन नहीं हो सका। इसी कारण तालाब के अंधेरे में असामाजिक तत्वों की शराबखोरी भी चल रही है। पुलिस का फेरा भी यहां नहीं लग रहा है, इस वजह से उनके हौसले बुलंद हैं।

तालाब के आसपास शराब की खाली बोतलें, पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास के अलावा गुटका पाउच और नशे की सामग्री यहां-वहां बिखरी पड़ी रहती है। इसके चलते अग्रोहा कालोनी, विप्रनगर और रायपुरा के रहवासी परेशान हैं। आसपास सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने और स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ गए हैं। प्रभावित इलाके के रहवासियों ने बंद पड़ी लाइटों को सुधारने, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और तालाब के आसपास की सफाई व्यवस्था सुधारने वार्ड पार्षद, जोन 8 कमिश्नर और महापौर मीनल चौबे से की है। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही।

### तालाब गहरीकरण में खप गए 2.50 करोड़

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के काम में 2.50 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी काम आधा-अधूरा हो पाया। तालाब के पास पाथवे बनाने और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना पर पहले फेज में काम नहीं हो पाया। नगर निगम के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा। इसमें लैंड स्केपिंग, प्लांटेशन सहित अन्य कार्य को दोबारा शामिल करना पड़ा, यानी कुल मिलाकर तालाब की सफाई और गहरीकरण में 2.50 करोड़ खर्च हो गए।

### नगर निगम जोन-8 के संत रविदास वार्ड में शामिल रहवासी इलाका









*बगीचे की देखरेख नहीं, हरियाली नदारद : बघवा तालाब के पास नगर निगम ने एक सुंदर व छोटा-सा बगीचा विकसित कर लोगों के मन में उम्मीद जगाई कि सुबह-शाम वे इत्मीनान से ताजी हवा लेने टहल सकते हैं, पर बगीचे की देखरेख पर न तो अनुबंधित एजेंसी ध्यान दे रही है, न ही जोन स्तर पर इसकी व्यवस्था की गई। लगाए गए पौधे तेज गर्मी और पानी के अभाव में सूख गए। यहां हरियाली की जगह पेड़-पौधों के सूखे ठूंठ नजर आ रहे हैं।*

### तालाब किनारे डिस्पोजल के ढेर

नगर निगम प्रशासन ने सरोवर धरोहर को सहेजने 4 करोड़ बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण में लगा दिए, पर इसकी सुरक्षा और लगाए गए पौधों की देखरेख का प्रबंध नहीं करने से तालाब किनारे शराब की खाली बोतलें, पानी पाउच, नशेड़यों द्वारा प्रयुक्त डिस्पोजल गिलास इधर-उधर फेंक दिए जाते हैं। गांजा, शराब के साथ ही सिगरेट के खाली पैकेट्स, पान मसाले के खाली पाउच का तालाब के आसपास ढेर लगता जा रहा है। इससे तालाब की सुंदरता प्रभावित हो रही है

### शिकायतें मिली हैं, जोन को देंगे निर्देश

रायपुरा के बघवा तालाब की स्ट्रीट लाइटें बंद रहने और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने की शिकायतें मिली हैं। इसे संज्ञान में लेकर संबंधित जोन को प्रभावित इलाके की स्ट्रीट लाइटें सुधारने और सुरक्षा के सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव बनाकर भिजवाने निर्देशित करेंगे। - **मीनल चौबे,** महापौर

### दूसरे फेज में 2 करोड़ 3 लाख का कार्य

*नगर निगम ने रायपुरा के बघवा तालाब में दूसरे फेज में 2 करोड़ 3 लाख खर्च कर तालाब सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य कराने आर्यन बिल्डर को ठेका दिया, जिसमें गंदे पानी की सफाई, तलछटी तक गाद निकालकर तालाब का नए सिरे से गहरीकरण कराया गया। लोगों की सुविधा के लिए तालाब में पचरीकरण, आने-जाने के लिए तालाब के चारों ओर पाथवे का निर्माण, तालाब को सुरक्षित रखने आउटर व इनर एरिया में रिटेनिंग वॉल बनवाई गई। तालाब की सुंदरता बढ़ाने पौधारोपण और लैंड स्केपिंग सहित सौंदर्यीकरण के अन्य काम इसमें शामिल हैं। तालाब के चारों ओर नए स्ट्रीट पोल लगाकर प्रकाश की व्यवस्था की गई, पर निर्माण कार्य के कुछ समय बाद बघवा तालाब के चारों ओर लगाए गए अधिकांश स्ट्रीट पोल की लाइटें बंद पड़ी हैं। नगर निगम में इसकी शिकायत के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं कराई गई।*

### 35 एकड़ में फैला तालाब, दर्जनों स्ट्रीट पोल शो पीस बने

रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग एक अरसे से तालाब का उपयोग निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस तालाब की नगर निगम ने ढाई दशक बाद सुध ली। तालाब के पास सुंदर बगीचा विकसित करने के साथ ही उसमें फूलदार, छायादार पौधे लगाए गए, पर देखरेख के अभाव में बगीचे में लगाए गए अधिकांश पौधे सूख गए हैं। इधर, तालाब के चारों ओर प्रकाश की व्यवस्था करने लगाए गए दर्जनों नए स्ट्रीट पोल की लाइटें बंद होने से ये पोल महज शोपीस बनकर रह गए।

### एयरपोर्ट पर विमानों के पार्किंग शुल्क में कटौती

# एयर टिकट के दामों में अनावश्यक बढ़ोतरी से मिलेगी राहत

- रायपुर में प्रतिदिन औसतन 30 फ्लाइट के अलावा छोटे एयरक्रॉफ्ट, हेलीकाप्टर की लैंडिंग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पहले देना पड़ता था 60 हजार लैंडिंग शुल्क, अगले तीन माह 40 हजार तय हुआ किराया

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट समेत देशभर के विमानतलों पर आवाजाही करने वाले विमानों के पार्किंग शुल्क में कटौती की गई है। अगले तीन माह तक की गई इस कटौती से एयर टिकट में होने वाली अनावश्यक बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जा सकेगा, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। रायपुर एयरपोर्ट पर पहले लैंडिंग के लिए नियमित फ्लाइट को 60 से 65 हजार रुपए देने पड़ते थे, जिसे घटाकर 40 हजार किया गया है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रोजाना नियमित रूप से 30 फ्लाइट लैंड और टेकऑफ होती हैं। विमानों को अपनी आवाजाही के दौरान एयरपोर्ट प्रबंधन को प्रति उड़ान पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। छोटी और बड़ी फ्लाइट के हिसाब से इसका शुल्क निर्धारित है। पिछले दिनों केंद्र सरकार ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव की वजह से ईंधन के दामों होने वाली बढ़ोतरी के भार से यात्रियों को अलग रखने के लिए विमानन कंपनियों को राहत देने यह फैसला लिया है। इसका फायदा रायपुर एयरपोर्ट में आने वाली फ्लाइट (विमानन कंपनियों) को भी मिलेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जून महीने तक यह छूट दी गई है, जिसका लाभ नियमित फ्लाइट के अलावा आने वाले हेलीकाप्टरों तथा अन्य छोटे एयरक्रॉफ्ट को भी मिलेगा। वर्तमान में रायपुर एयरपोर्ट पर सर्वाधिक आवाजाही डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस कंपनी की होगी। इंडिगो के अलावा यहां से एयर इंडिया और अलायंस एयर की फ्लाइट भी आवाजाही करती हैं।

### पार्किंग शुल्क के हो चुके लगभग सात करोड़

विमानतल पर पार्किंग के लिए विमानन कंपनियों को शुल्क देना होता है। यह उन एयरक्रॉफ्ट पर भी लागू होता है, जो डायवर्ट होकर अथवा आपात लैंडिंग कर किसी एयरपोर्ट पर उतरते हैं। ऐसे ही इमरजेंसी लैंडिंग करने वाली बांग्लादेशी फ्लाइट के खड़े-खड़े दस साल से ज्यादा वक्त हो गया है। इसकी वजह से फ्लाइट का पार्किंग शुल्क भी बढ़कर 7 करोड़ से ज्यादा हो चुका है। इस विमान का मामला अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है, जिसका हल केंद्रीय स्तर किया जाना है।

# डीके हास्पिटल में एमसीएच हॉस्टल निर्माण शुरू खुलेंगे नए विषय में सुपर स्पेशलिटी कोर्स के रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के एमसीएच डॉक्टरों के लिए हॉस्टल बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। अगले दो साल में तैयार होने वाली इस बिल्डिंग के बाद संस्थान में नए विषयों के सुपर स्पेशलिटी कोर्स के रास्ते खुलेंगे। वर्तमान में यहां के एमसीएच डॉक्टर हास्पिटल के प्रायवेट वार्ड में रहते हैं, जिसके लिए उन्हें ढाई हजार रुपए शुल्क भी देना पड़ता है। बनाए जा रहे जी प्लस-8 भवन में चिकित्सा शिक्षकों के साथ अन्य स्टाफ को भी जगह दी जाएगी। डीके हास्पिटल में एमसीएच हॉस्टल बनाने की योजना काफी समय पहले स्वीकृत हो चुकी थी, इसके लिए बजट भी पास किया गया था। निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास थी, जो फाइलों में अटकी थी। पिछले दिनों डीके अस्पताल के निरीक्षण पर आए कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन रितेश अग्रवाल ने योजना के बारे में जानने के बाद काम शुरू करने के निर्देश दिए थे। रितेश अग्रवाल सीएमई के साथ एमडी सीजीएमएससी भी हैं, इसलिए उनके निर्देश पर तत्काल अमल हुआ और हॉस्टल निर्माण शुरू हुआ। प्रस्तावित स्थल पर पेड़ों की कटाई होने के बाद प्लिंथ का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। अनुमान है कि हॉस्टल का निर्माण अगले दो वर्षों में पूरा हो जाएगा। इससे एमसीएच के दो दर्जन डॉक्टरों के छात्रों, संस्थान के चिकित्सा शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ को आवास सुविधा मिल पाएगी। अस्पताल प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इससे हास्पिटल में संचालित अन्य विषयों में भी एमसीएच, डीएम कोर्स की अनुमति के रास्ते खुलेंगे।

### अभी एमसीएच की आठ सीटें

डीके हास्पिटल में वर्तमान में संचालित न्यूरो सर्जरी विभाग में 2, पीडियाट्रिक सर्जरी और बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी में 3-3 सीटें हैं। संस्थान में संचालित कुछ अन्य विषयों पर भी आने वाले दिनों में एमसीएच कोर्स प्रारंभ किए जाने की संभावना है। डीके अस्पताल के साथ आंबेडकर अस्पताल में भी कुछ सीटों पर एमसीएच और डीएम की पढ़ाई होती है।

### 17 करोड़ की लागत से निर्माण

*इस भवन के निर्माण की लागत 17 करोड़ रुपए तय की गई है। हॉस्टल के लिए पहले पुराने डीएमई कार्यालय वाले भवन को प्रस्तावित किया गया था। बाद में इसे उपयुक्त नहीं माना गया। वर्तमान में इस भवन में अस्थायी रूप से तहसील कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। नर्सिंग हॉस्टल के लिए बनाई गई यह बिल्डिंग डीके अस्पताल की जमीन पर मौजूद है।*

# सिटी विकास प्लान सहित नगरीय निकायों की योजनाओं की समीक्षा करेंगे साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सिटी विकास प्लान सहित नगरीय निकाय विभाग की कई योजनाएं जमीन पर नहीं उतर पाई हैं। सरकार इस पर सख्त है। इसे लेकर उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव राजधानी रायपुर में दो दिनों तक मैराथन बैठक कर राज्य के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे इस दौरान सभी निकायों में विकास कार्यों की प्रगति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निगम आयुक्तों तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने वरिष्ठ अभियंताओं के साथ बैठक में मौजूद रहने कहा है। बताया जाता है कि नगरीय निकायों को सिटी डेवेलपमेंट प्लान के प्रस्ताव मंगाए गए थे। कई जगह वार्डवार योजनाएं बनाई गई थीं, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाया। बैठक में इसे प्रमुख एजेंडे के रूप में शामिल किया गया है। सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस कन्वेंशन-हॉल में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से प्रदेश के सभी नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे दोपहर ढाई बजे से नगरपालिकाओं के कार्यों की समीक्षा करेंगे। अगले दिन 21 अप्रैल को दिनभर संभागवार सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।


### इन कार्यों और योजनाओं की होगी समीक्षा

उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव दो दिवसीय मैराथन बैठक के दौरान नगरीय निकायों में राजस्व वसूली, विद्युत देयकों के भुगतान, वेतन भुगतान, अधोसंरचना विकास व 15वें वित्त आयोग के कार्यों, नालंदा परिसरों, नगरोत्थान योजना, जलप्रदाय योजनाओं, आपदा प्रबंधन, गोधाम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, आई-गॉट कर्मयोगी तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

### 40 हजार के एसी पर होना था चार हजार का फायदा, अब और चार हजार देने पड़ रहे ज्यादा

# जीएसटी की राहत, पर गर्मी में एसी के बढ़े दामों की आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्र सरकार ने आम जनता को फायदा पहुंचाने के लिए बीते साल सितंबर में जीएसटी के स्लैब में बदलाव किया था, लेकिन ज्यादातर उत्पादों पर इसका कुछ समय तक ही ग्राहकों को फायदा मिल सका, इसके बाद दाम बढ़ा दिए गए। एसी पर भी दस फीसदी जीएसटी कम हुई थी। ऐसे में 40 हजार की एसी पर चार हजार रुपए कम हो गए थे। ग्राहकों को लगा था कि इस बार गर्मी के सीजन में उनको फायदा होगा, लेकिन एसी बनाने वाली कंपनियों ने आपदा में अवसर का लाभ उठाते हुए अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध का कारण बताते हुए एसी के दाम सीजन से पहले 20 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। हालांकि दाम बढ़ने के बाद भी अपने प्रदेश में एसी खूब बिक रहे हैं, क्योंकि आसमान से लगातार आग बरस रही है और पारा आसमान पर जा रहा है। गर्मी के सीजन का आगाज हुआ तो इस बार ग्राहक यह सोच रहे थे कि उनको बीते साल जीएसटी के कम होने का एसी में फायदा मिलेगा। यह फायदा फरवरी तक जरूर मिला, लेकिन इस समय तक ज्यादा एसी बिकते नहीं हैं और लोग खरीदते भी नहीं हैं। जैसे ही मार्च में गर्मी ने जोर पकड़ा और एसी की डिमांड में इजाफा होना प्रारंभ हुआ, वैसे ही एसी बनाने वाली कंपनियों ने दाम में इजाफा करना प्रारंभ कर दिया। अप्रैल के प्रारंभ होने पर यह इजाफा 20 फीसदी तक पहुंच गया।

### चार हजार का फायदा नहीं फटका

एसी में जीएसटी 28 प्रतिशत के स्थान पर 18 फीसदी होने के कारण 40 हजार की एसी पर चार हजार बचने थे, लेकिन दाम 20 फीसदी बढ़ने के कारण अब उल्टे चार हजार का ज्यादा फटका लग रहा है। जो 40 हजार का एसी 36 हजार में मिलना चाहिए था, वह एसी अब 44 हजार में मिल रहा है। इसी तरह से सभी एसी में हो रहा है।

### तीन साल में कारोबार डबल

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। तीन साल पहले प्रदेश में 50 हजार के आसपास ही एसी बिकते थे, लेकिन जहां 2023 में 65 हजार के आसपास एसी बिके, वहीं 2024 में 80 हजार बिके। बीते साल सवा लाख एसी बिके। ऐसे में बीते साल 45 हजार एसी ज्यादा बिके, यानी कारोबार में 50 फीसदी का इजाफा हो गया। इस बार डेढ़ लाख से ज्यादा एसी बिकने की संभावना है। इसका आगाज भी हो गया है। फरवरी के अंतिम सप्ताह से एसी बिकने का क्रम प्रारंभ हुआ है। मार्च के पूरे माह और अप्रैल के पहले तीसरे सप्ताह को मिलाकर 70 हजार से ज्यादा एसी बिक गए हैं। अब बचे अप्रैल और मई में 80 हजार से ज्यादा एसी बिकने की संभावना है।

### दाम बढ़े फिर भी अच्छी डिमांड

एसी के दाम में करीब 20 फीसदी तक का इजाफा हो गया है, लेकिन इसके बाद भी डिमांड कम नहीं हो रही है। इस सीजन में प्रदेश में डेढ़ लाख एसी बिकने की संभावना है।

- राजेश वासवानी, एसी कारोबारी

# स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को दिए 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कॉर्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महिला सशक्तिकरण को राज्य के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो परिवार, समाज और पूरा राज्य मजबूत होता है। उन्होंने अपने निवास नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कॉर्ट' वितरण कार्यक्रम में कहा, राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने विभिन्न स्वसहायता समूहों की महिलाओं को 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट' वितरित किए। इस अवसर पर शैलेंद्र कुर्रे, डिगेश्वरी निषाद, अनिता ताण्डी, सुमन वर्मा, दीपाली राजपूत, दीपा सोनी, कामिनी बोथरा, सुभद्रा निर्मलकर, गीता साहू एवं प्रीति साहू सहित कई हितग्राही उपस्थित रहीं। मंत्री ने बताया कि 'मिलेट्स कॉर्ट' अभियान महिलाओं के लिए स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। कांकेर जिला के नरहरपुर ग्राम की लोकेश्वरी रसिया और अन्य महिलाएं प्रतिदिन 2 से 3 हजार रुपए तक तथा प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं।

# प्राचार्य पदोन्नति में शामिल 45 प्राध्यापकों की सीआर गायब, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च शिक्षा विभाग में उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब 45 प्रोफेसरों के गोपनीय प्रतिवेदन के फोल्डर गायब होने की जानकारी सामने आई। इन सभी प्रोफेसरों की पदोन्नति स्नातक प्राचार्य पद पर होनी थी, इसलिए यह मामला और गंभीर हो गया। एसीआर सरकारी कर्मचारी की पदोन्नति और मूल्यांकन प्रक्रिया का अहम आधार होता है। ऐसे में इसका गायब होना पूरे विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. संतोष कुमार देवांगन, आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ने उच्च शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर इन सभी प्रोफेसरों के एसीआर फोल्डर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि संबंधित प्रोफेसरों के गोपनीय प्रतिवेदन संचालनालय में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे पदोन्नति प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

**आयुक्त उच्च शिक्षा ने विभागीय सचिव को लिखा पत्र सीआर की खोजबीन में पदोन्नति प्रक्रिया में विलंब**




### पदोन्नति प्रक्रिया होगी प्रभावित

खुलासे के बाद न केवल संचालनालय, बल्कि मंत्रालय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। बताया जाता है कि विभाग में इन दिनों बड़े पैमाने पर स्नातक प्राचार्यों की पदोन्नति की प्रक्रिया चल रही है। लगभग 100 से अधिक पदों पर नियुक्ति होनी है, जिनमें ये 45 प्रोफेसर भी शामिल हैं। एसीआर फोल्डर का गायब होना सीधे तौर पर इनकी पदोन्नति में बाधा बन सकता है। यदि समय पर फाइलें नहीं मिलती हैं तो पूरी प्रक्रिया में देरी होना तय माना जा रहा है।

### मामले की हो निष्पक्ष जांच

इस घटनाक्रम के सामने आने के बाद संबंधित प्रोफेसरों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है। कई प्रोफेसर इस मामले को लेकर अलग-अलग आशंकाएं जता रहे हैं। कुछ का मानना है कि यह महज प्रशासनिक लापरवाही हो सकती है। जबकि कुछ इसे गंभीर अनियमितता के रूप में देख रहे हैं। उनका कहना है कि एसीआर जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गायब होना सामान्य बात नहीं है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### पदोन्नति प्रक्रिया समय पर पूरी करने का दबाव

विभागीय अधिकारियों के लिए भी यह स्थिति चुनौतीपूर्ण बन गई है। एक ओर पदोन्नति प्रक्रिया को समय पर पूरा करने का दबाव है, वहीं दूसरी ओर जरूरी दस्तावेजों की अनुपलब्धता से काम अटक गया है। अब यह देखना होगा कि विभाग इन फाइलों को जल्द से जल्द खोजने या वैकल्पिक व्यवस्था करने में कितना सफल होता है। पूरे मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि लापता एसीआर फोल्डर कब तक मिलते हैं और पदोन्नति प्रक्रिया कब तक आगे बढ़ पाती है।

## खबर संक्षेप

### महिला आरक्षण पर सरकार की कथनी-करनी में फर्क

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण को लेकर हमला बोला है। प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा ने आरोप लगाया कि सरकार ने 2023 में महिला आरक्षण कानून पारित कर 33 प्रतिशत हिस्सेदारी देने का दावा तो किया, लेकिन इसे लागू करने की प्रक्रिया को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की मंशा साफ होती तो वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में ही लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती थीं।

### राज्यसभा सांसद लक्ष्मी का एयरपोर्ट पर स्वागत



**रायपुर।** राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेकर दिल्ली से रविवार को रायपुर लौटने पर उनका स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसके पश्चात राम मंदिर चौक पर भी उनका आत्मीय स्वागत हुआ, जहां उन्होंने प्रभु श्रीराम के दर्शन कर सफल एवं जनसेवा से परिपूर्ण कार्यकाल के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर के संरक्षक राजेंद्र भाई का भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीमती वर्मा ने महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी समेत सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### शिखर कला मंच का नुक्कड़ नाटक

रायपुर। नगर निगम के तत्वावधान में श्याम नगर स्थित गुरुद्वारा गेट पर शिखर कला मंच द्वारा एक जागरूकता नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाना था।शिखर कला मंच की संचालिका श्रीमती सुजाता शुक्ला ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्लास्टिक के उपयोग को कम करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

पेज 9 का शेष

### सुफी संतों के...

है। उन्होंने समाज भवन निर्माण की मांग को पूरा करने का आश्वासन भी दिया, ताकि बाहर से आने वाले लोगों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में दरगाह समिति के अध्यक्ष सैय्यद हासिम अली ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम : पारंपरिक नृत्य, अतिथियों का सम्मान और समाज की मांगों पर हुई चर्चा

# कंडरा समाज ने मनायी संत सुफलभगत जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को आरंग के शितला पारा में संत सुफलभगत जयंती मनायी गई। हरिभूमि संवाददाता कंडरा समाज के मीडिया प्रभारी व पूर्व सचिव जगदेव कंडरा ने बताया कि जयंती पर कंडरा समाज के बेटियों ने आदिवासी परिधान में एकल, युगल व सामूहिक रिकार्डिंग नृत्य कर उपस्थित कंडरा समाज को हर्षित करते हुए शानदार प्रस्तुती दी।

मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब मंत्री छग शासन के सानिध्य में कंडरा समाज राजिम राज के अध्यक्ष विजय कंडरा ने बॉस से निर्मित खुमरी व आदिवासी पीला सॉफा बॉधकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तत्पश्चात शिवकुमार कंडरा, टीकम कंडरा सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का आदिवासी पीला सॉफा से सम्मान किया।

विजय कंडरा अध्यक्ष ने कहा कि कंदरा में रहने वाले को ही कंडरा जनजाति कहा जाता है। साथ ही कंडरा समाज ने मुख्यअतिथि को मॉग पत्र सौंपते हुए कहा कि शासन द्वारा कंडरा जाति को प्रत्येक वर्ष प्रति कार्ड में पंद्रह सौ नग बॉस देने का प्रावधान है, परंतु लगभग बीस वर्षों से प्रति कार्ड में पॉच सौ बॉस नहीं मिल रहा है, यह कंडरा जाति के साथ विडंबना है।






### बांस शिल्पकला से सजाया गया कार्यक्रम स्थल



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि कंडरा समाज को प्रतिवर्ष प्रति कार्ड में पंद्रह सौ बॉस दिलाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर उक्त मांग पूरा करवाने का आश्वासन कंडरा समाज के अध्यक्ष विजय कंडरा ने दिया। उन्होंने कहा मैं सभी समाज के कार्यक्रमों में गया हूं, जहां फूल, फ्लेक्स से कार्यक्रम स्थल सजाया जाता है, परंतु यहां कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज ने स्वागत द्वार से लेकर कार्यक्रम स्थल तक बॉस से निर्मित बर्तन टोकरी, सूपा, पर्रा आदि से भव्य रूप से सजाया गया, ये है आदिवासी संस्कृति की अद्भूत व बेमिसाल पहचान। गुरु साहेब ने कहा कि राजिम विधायक रोहित साहू ने पिछले तीन दिनों से मुझे कॉल किया कि आप कंडरा समाज के जयंती कार्यक्रम में आपको जाना है और अपरिहार्य कारणों से मैं नहीं जा सका, अलावा कंडरा समाज को जयंती पर बधाई प्रेषित की।

मुख्यअतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने में कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिमराज को जयंती पर बधाई दी। मंच संचालन पवन कंडरा (शिक्षक) नारी ने किया। कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज के अध्यक्ष विजय कंडरा, टीकम कटारिया उपाध्यक्ष, लोचन कंडरा (नारी) उपाध्यक्ष, सत्यप्रकाश कंडरा सचिव, कोषाध्यक्ष भीम कंडरा, मिडिया प्रभारी लोचन कंडरा, शिवकुमार कंडरा, सेवादार सत्येंद्र कंडरा, हरिशंकर कंडरा थे। कार्यक्रम में डॉ. विरेन्द्र कंडरा सीएमओ राजिम, कैलाश कंडरा, पुरुषोत्तम कंडरा, अशोक कंडरा, सोनसाय कंडरा, पुरुषोत्तम (भोकू) कंडरा, रामानंद, चुम्मन कंडरा, गुलाब,जयंत, प्रहलाद, अन्नपूर्णा, प्रमिला कंडरा, माधुरी कंडरा, दुर्योधन कंडरा, रविकुमार कंडरा, बंगोली, त्रिलोचन बॉसकर, बसंत, गुमान कंडरा, दिनू कंडरा, बुधारु कंडरा, बिंदु कंडरा सिर्री सहित महिला-पुरुष अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## जनगणना 2026 : द्वितीय चरण का प्रशिक्षण पूर्ण



**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में जनगणना 2026 के सफल संचालन हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का द्वितीय चरण सम्पन्न हुआ। इस दौरान फील्ड ट्रेनर्स अरविंद कुमार केरकेट्टा एवं रजनी त्रिपाठी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को गणना कार्य की बारीकियों और संभावित तकनीकी चुनौतियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जो भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला तय करता है, इसलिए प्रशिक्षण में दी गई जानकारियों को गंभीरता से समझना आवश्यक है।

### डेटा संकलन के दौरान सावधानी बरती जाए

प्रशिक्षकों ने विशेष रूप से जोर दिया कि डेटा संकलन के दौरान सावधानी बरती जाए, नागरिकों के साथ शिष्टाचार बनाए रखा जाए तथा उनकी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डेटा प्रविष्टि का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। द्वितीय चरण में मकान सूचीकरण और आवासीय सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें प्रत्येक भवन की पहचान, मकान संख्या निर्धारण, भवन के उपयोग की स्थिति तथा परिवारों के विवरण को सावधानीपूर्वक दर्ज करने के तरीके बताए गए। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी एवं मूल्यांकन सत्र में जितेंद्र वर्मा, चरित्र कुमार ध्रुव, विशेष वर्मा, कैलाश बघेल और संजय कुमार बंछोर सहित अन्य प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण में स्पष्ट किया गया कि जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और इसे पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संपन्न करना अनिवार्य है।

# सात साल में सिर्फ 83 फीसदी परिवारों को नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी गांवों के हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 7 साल पहले शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना का बुरा हाल है।प्रदेश के 49 लाख 96 हजार परिवारों में अब तक सिर्फ 41 लाख 49 हजार परिवारों यानी 83 फीसदी को ही नल कनेक्शन दिए जा सके हैं। इस योजना पर अब तक 35 सौ करोड़ से ज्यादा खर्च हो चुके हैं।

केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के 19656 गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 15 अगस्त 2019 से यह योजना शुरू की गई थी, लेकिन योजना की धीमी रफ्तार के कारण 7 वर्षों में भी लाखों परिवारों को नल कनेक्शन नहीं दिए जा सके हैं। सैकड़ों गांव ऐसे भी हैं, जहां नल कनेक्शन तो दिए जा चुके हैं, लेकिन टंकी का निर्माण नहीं होने या बोर खनन नहीं होने के कारण वहां पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

### सिर्फ 4 जिलों में 90 फीसदी से ज्यादा नल कनेक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश के 33 जिलों में सिर्फ 4 जिले ही ऐसे हैं, जहां 90 फीसदी से ज्यादा परिवारों को कनेक्शन देने का दावा किया गया है। इनमें सबसे 99.51 फीसदी कनेक्शन धमतरी जिले में दिए गए हैं। रायपुर जिला नल कनेक्शन के मामले में दूसरे नंबर पर है, यहां 97.27 फीसदी घरों में कनेक्शन दिए गए हैं। जांजगीर-चांपा जिले में 92.57 और राजनांदगांव जिले में 92.45 फीसदी घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

# सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के नीचे बसे गरीब मजदूरों के मकान तोड़े गए, कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

**भरी गर्मी में बिना पुनर्वास के गरीबों के घर तोड़ना अमानवीय और क्रूर कार्रवाई : बंजारे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेरीखेड़ी ओवरब्रिज के नीचे 30 वर्षों से बसे गरीब मजदूर परिवारों के मकान बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़े जाने की जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, हमने पहले ही कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया था कि बिना पुनर्वास के इन गरीब परिवारों को न हटाया जाए।

भाजपा सरकार और रेलवे प्रशासन ने हमारी मांग को ठुकरा दिया। भरी गर्मी में 50 गरीब परिवारों के घर तोड़ दिए गए। ये परिवार 50 वर्षों से यहां शांतिपूर्वक रह रहे थे। इनके पास राशनकार्ड, आधारकार्ड, वोटर आईडी और प्रधानमंत्री आवास योजना के दस्तावेज भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की यह असंवेदनशीलता गरीबों के प्रति उनके घोर तिरस्कार को दिखाती है। बच्चे स्कूल जा रहे थे, महिलाएं और बुजुर्ग इस जगह से गहराई से जुड़े थे, लेकिन सरकार ने उन्हें सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई निंदनीय है, अक्षम्य और पूरी तरह से गलत है। बिना वैकल्पिक आवास दिए घर तोड़ना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता।



### मुआवजे की मांग, पुनर्वास नहीं किया तो आंदोलन

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण या मांग करती है कि रेलवे द्वारा तोड़े गए मकानों का तत्काल मुआवजा दिया जाए। प्रभावित सभी 50 परिवारों को नया रायपुर या उपयुक्त जगह पर प्रधानमंत्री आवास योजना या राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के तहत तुरंत पुनर्वासित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि इन गरीब परिवारों का पुनर्वास नहीं किया तो जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अक्ती पर्व कृषि पर आधारित समाज की जीवनशैली, आस्था और परिश्रम का है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

यहां के कृषि विज्ञान केंद्र में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परंपराओं, कृषि संस्कृति एवं लोक मान्यताओं को सहेजते हुए अक्ती तिहार का आयोजन अनुसन्धान केंद्र के अधिष्ठाता डॉ. एचएल सोनबोईर के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. अंगद सिंह राजपूत की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषकों को पारंपरिक आस्था एवं आधुनिक कृषि ज्ञान के संगम से जोड़ना और खेत व माटी के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। मुख्य अतिथि डॉ. एचएल सोनबोईर ने कहा, आज अक्षय तृतीया है, जिसे छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्यों का फल कभी समाप्त नहीं होता। यह अक्षय होता है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह कृषि पर आधारित समाज की जीवनशैली, आस्था और परिश्रम का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सविता राजपूत, डॉ. दीपमाला लकरा ने किसानों को वैज्ञानिक खेती, पौध स्वास्थ्य संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की। कृषि विभाग के कृषि विकास अधिकारी हरिकिशन महिलांग ने राज्य एवं केंद्र शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में अक्ती पर्व पर कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ

### माटी पूजन के साथ कृषि कार्यों की शुरुआत

परंपरागत रूप से इस दिन कृषक खेतों में जाकर हल चलाते हैं या बीज बोने की प्रतीकात्मक शुरुआत करते हैं, जिसे माटी पूजन कहा जाता है। यह माटी पूजन कृषि कार्यों की विधिवत शुरुआत का प्रतीक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के उपसंचालक कृषि दीपक नायक उपस्थित थे। उन्होंने कहा अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और कृषि संस्कृति का प्रतीक है। मृदा विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप कश्यप द्वारा खरीफ फसलों में रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने जैव उर्वरकों, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के माध्यम से लागत कम करने एवं मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की।



### 120 ने भाग लिया

उन्होंने बीज, उर्वरक, यंत्रीकरण एवं अनुदान योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी विरेन्द्र साहू, बीएल प्रजापति, ज्योति वर्मा, मुकेश तिवारी, अंकिता अग्रवाल तथा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए 120 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों ने प्रशिक्षण के दौरान अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं तथा विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### सुरेंद्र डागोर जिला भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त

भाटापारा। भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में संगठन का विस्तार करते हुए सुरेंद्र डागोर को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। अपनी नियुक्ति के



लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, राकेश तिवारी सहित सुनील यदु, अविनाश शर्मा एवं अन्य शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। वहीं उनके सहयोगी अभिषेक नायक, सुमीत यदु, लाला जायसवाल, हितेन्द्र साहू, अजय देवांगन, गुलश वर्मा, सागर पाण्डेय, अबिनाश मानिकपुरी, गोपी ध्रुव, राजू पटेल, अजीत निषाद, गोपाल नागवानी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पीयूष बने भाजपा युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष

भाटापारा। भाजपा युवा मोर्चा में पीयूष साहू को भाटापारा शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



अपनी नियुक्ति पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, राकेश तिवारी सहित सुनील यदु, अविनाश शर्मा एवं अन्य शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। वहीं उनके सहयोगी अभिषेक नायक, सुमीत यदु, लाला जायसवाल, हितेन्द्र साहू, अजय देवांगन, गुलशन वर्मा, सागर पाण्डेय, अबिनाश मानिकपुरी, गोपी ध्रुव, राजू पटेल, अजीत निषाद, गोपाल नागवानी शामिल हैं।

### लोकेश जिला उपाध्यक्ष और धर्मेंद्र बने जिला मंत्री

पलारी। भाजपा युवा मोर्चा बलौदाबाज़ार की नई कार्यकारिणी में स्थानीय को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी





मिली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह के आदेशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के सहमति से युवामोर्चा जिलाध्यक्ष प्रणाम्य पांडे ने अपने कार्यकारणी की घोषणा किया है, जिसमें लोकेश यदु और धर्मेंद्र चंद्राकर जैसे युवाओं का जिला स्तर पर पदाधिकारी केवल उनके व्यक्तिगत नेतृत्व की पहचान है, बल्कि सिंधोरा के लिए भी गर्व की बात है। विशेष रूप से सिंधोरा का राजनीति में हमेशा से प्रभाव रहा है। दुर्गा महेश्वर और शंभू सिंह डहरिया जैसे नेताओं ने गांव को पहचान दिलाया।

## निधन

### तारादेवी साहू

पलारी। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक



तारादेवी साहू 65 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को पलारी स्थित मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे व्यवसायी घनश्याम साहू, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू व चंदन साहू के माताजी तथा दुलेश्वर, थानेश्वर, दिनेश व यमलोक साहू की चाची थीं।

**अक्षय तृतीया : घरों के आंगन में चौक पूरकर आम के पत्तों से मंडप सजाया**

# विप्र समाज ने परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर के विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 19 अप्रैल को शाम 6 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा सिद्ध पीठ महा माया मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए वापस महामाया मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में लवन, बलौदाबाजार कसडोल, मुंडा एवं आसपास के क्षेत्र के विप्रजनों ने भाग लिया। शोभायात्रा में कसडोल विधायक संदीप साहू ने पहुंचकर विप्र समाज को परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी एवं कहा कि परशुराम भगवान का जन्म सत्य की रक्षा करने के लिए हुआ था। वहीं पर कसडोल से पधारे पं. गोरेलाल तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम ने पृथ्वी पर से 21 बार अत्याचारियों का अंत किया और जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ेगा तो भगवान परशुराम जैसे देव प्रकट होंगे, जो अत्याचारियों का नाश करेंगे शोभायात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में विप्र समाज के पंडित रामेश्वर पांडे, पंडित संजय बाजपेई, पंडित धीरज मिश्रा, अनुराग पांडे, सूर्य प्रकाश पांडे, दिलचंद तिवारी, बसंत तिवारी, दिल हरण पांडे, बलौदाबाजार से पंडित रमेश मिश्रा, योगेश शुक्ला, शशि भूषण शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, मुंडा से पंडित अभिषेक पांडे, कसडोल से पंडित गोरेलाल तिवारी, संजय सुमन त्रिवेदी, अनुराग मिश्रा, लवन से दुर्गेश बाजपेई, मृत्युंजय पांडे, सतीश पांडे, केशव मिश्रा, अमर मिश्रा, पंकज मिश्रा, अनिल पांडेय, सुनील, भावेश, तिवारी पांडे, प्रदीप पांडे, राजेश पांडे, उमाकांत अवस्थी, सुलभ, शुभम द्विवेदी, पंडित विजय पांडे, सोनू पांडे, बसंत तिवारी, सुनील तिवारी, अभय तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।






## विद्यानगर के छात्रों ने रचाया गुड्डा-गुड़ियां का विवाह

अर्जुनी। अक्षय तृतीया पर अर्जुनी के विद्यानगर में छात्रों ने परंपरा के अनुरूप गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया। जिसमें वार्ड की महिलाओं ने भी सभी रस्में निभाई। इस दौरान घर के बड़े भी शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किए। नगर सहित आसपास अंचल में अक्ति अक्षय तृतीया का पर्व पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां उन्होंने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाकर पुरानी परंपरा को जीवंत किया।

अक्ति पर गुड्डे-गुड़ियों के विवाह की परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें बच्चे खेल-खेल में विवाह की संध्या समय घरों के आंगन में चौक पूरकर आम के पत्तों से मंडप सजाया गया। गुड्डे-गुड़ियों को पाटे पर बिठाकर पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। बाजे-गाजे के साथ



बारात निकाली गई और जयमाला की रस्म भी निभाई गई। इस दौरान परिजनों द्वारा टिकावन के रूप में उपहार भेंट किए गए। पर्व के अवसर पर घरों में विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए। अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ माना जाता है।

इस अवसर पर याचना वर्मा, भूमि वर्मा, जान्हवी वर्मा, होमी वर्मा, खिलेश्वरी वर्मा, आशा वर्मा, वेदांत वर्मा, ताकेश ताशु वर्मा, नीरज वर्मा, निलेश वर्मा, सरिता वर्मा, पिंकी सोनी, पूजा वर्मा, पुष्पा वर्मा, अहिल्या साहू, शशि नेतराम वर्मा, उर्मिला वर्मा, राजिम वर्मा, कुंती ध्रुव, कमला साहू, सीमा साहू, किरण द्विवेदी, चित्ररेखा यदु वार्ड पंच, संतोष वर्मा, मालिक राम वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक गंगाप्रसाद यदु, शिक्षक राकेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण अंचल में पुतरी-पुतरा विवाह की अनूठी परंपरा



हिरमी-रावन। अंचल: हिरमी, मोहरा, बरडीह, भालेसुर, मुसवा डीह, भालूकोना, सकलोर, कुथरौद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्षय तृतीया पर सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन में पुतरी-पुतरा का विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न किया।पुनाराम वर्मा के निवास पर आयोजित इस अनोखे विवाह समारोह में वास्तविक विवाह की तरह सभी रस्मों का विधिवत पालन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तेल-माटी और चुरमाटी की रस्मों के साथ मिट्टी लाकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद हल्दी की रस्म और मायन नाच का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चे पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए।गाजे-बाजे के साथ निकली बारात जब आयोजन स्थल पहुंची, तो बारातियों का जोरदार स्वागत किया गया। आतिशबाजी और हंसी-ठिठोली के बीच पूरा माहौल उल्लासमय हो गया। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, जिन्होंने पूरे समर्पण के साथ इस परंपरा को निभाया।

## पुतरी-पुतरा के विवाह में गूंजी शहनाई

खरोरा। अक्षय तृतीया पर ग्रामीण अंचलों में अनूठा संगम देखने को मिला। बड़े-बुजुर्गों की उपस्थिति में छोटे-छोटे बच्चों ने पूरी निष्ठा और रीति-रिवाज के साथ पुतरी-पुतरी का विवाह रचाया। इस पारंपरिक आयोजन ने न केवल बच्चों को आनंदित किया, बल्कि भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ने का काम किया। चुलमाटी से लेकर मायन नाच तक पुनाराम वर्मा के निवास पर आयोजित इस विवाह समारोह में उन सभी रस्मों का पालन किया गया जो एक वास्तविक विवाह किया गया। अक्षय तृतीया के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तेल-माटी और चुलमाटी विधि-विधान के साथ मिट्टी लाकर रस्मों की शुरुआत की गई। हल्दी की रस्म और मायन नाच के दौरान महिलाएं और बच्चे पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए। गाजे-बाजे के साथ जब बारात किरण सोनी के घर पहुंची, तो आतिशबाजी और उत्साह के साथ बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर किरण सोनी, राखी मानिकपुरी, भूमि, खुशी, प्रियंका सोनी, मंजू देवगन, अमेरिका सोनी, बिरजू सोनी, आकाश सोनी, मोंटी सोनी आदि उपस्थित थे।



## अक्ति का पर्व अंचल में धूमधाम के साथ मना



सिमगा। अक्ति का पर्व प्रमुख रूप से गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाने की पुरानी परंपरा है। जहां खेल खेल में ही विवाह की सभी परंपरा निभाई जाती है। बच्चों के साथ घर के बड़े भी इस गुड्डे गुड़िया के विवाह में सम्मिलित होकर उनका उत्साहवर्धन करते हैं। संध्या समय घर के आंगन में चौक पुरकर आम के पत्तों से सुंदर मंडप सजाकर गुड्डे गुड़िया को पाटे पर बिठाकर विवाह की परंपरा निभाई गई। बाजे-गाजे के बारात निकाली गई साथ ही जयमाला कार्यक्रम हुआ जहां घर के बड़ों ने टिकावन के रूप में विभिन्न प्रकार के उपहार भेंट किया। इस अवसर पर घरों विषेश रूप से कई व्यंजन बनाए गये थे। अक्ति जिसे अक्षय तृतीया भी कहते हैं का दिन बड़ा ही शुभ होता है इस दिन किए गए दान धर्म सदा अक्षय रहता है। वहीं जैन परंपरा में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को एक वर्ष तक कठोर तप के उपरांत हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस के हाथों इक्षु रस का प्रथम आहार प्राप्त हुआ था। कहा जाता है आज के दिन विवाह हेतु मुहुर्त नहीं देखा जाता है। घर की महिलाओं के द्वारा नये मटके की पूजा करने का रिवाज है आज से ही मटके का पानी पिया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन ही भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था।

**नीम, तुलसी, एलोवेरा, नींबू जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया**

# डीके कॉलेज के छात्रों ने तैयार किया हर्बल सैनिटाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

दाऊ कल्याण सिंह आर्ट्स एवं साइंस एवं कॉमर्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक प्रभावी हर्बल हैंड सैनिटाइजर तैयार कर नवाचार का उदाहरण प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों द्वारा निर्मित इस सैनिटाइजर में नीम, तुलसी, एलोवेरा एवं नींबू जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है, जो त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ जीवाणुरोधी गुणों से भरपूर हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बाजार में उपलब्ध रासायनिक सैनिटाइजर के विकल्प के रूप में एक सस्ता, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद विकसित करना है।



प्रयोगशाला परीक्षणों में यह पाया गया कि तैयार किया गया हर्बल सैनिटाइजर हाथों की स्वच्छता बनाए रखने में प्रभावी है और बार-बार उपयोग के बावजूद त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

यह परियोजना डॉ. ज्योति दीवान के निर्देशन तथा विभागाध्यक्ष गणेश राम कुर्रे, सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा एक्का एवं रुपेश देवांगन के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे नवाचार करने के लिए प्रेरित किया।

इस परियोजना में एम.एससी. रसायन के छात्र-छात्राओं मधु, शालिनी, शोभना, तेजस्वी, तेजस्विनी, पूजा, प्रीति वर्मा, निधि, नेहा, तरुण, धनेश्वर, शांति, सुमनलता, सोनम, जागृति, चंद्रानी, दीप्ति, निकिता, देवेश, विनिका एवं तैय्यब का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों ने प्राचार्य को अपने हर्बल सैनिटाइजर की विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में भी नए उत्पादों के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

